

पीजीडीएवी कालेज (सांध्य) में आयोजित पाठशाला में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाते प्राचार्य प्रो. रवींद्र कुमार गुप्ता • जागरण

शाहदरा के एसआर कैपिटल पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा पाठशाला में यातायात नियमों का पालन करने की शपथ लेते विद्यार्थी व शिक्षक • जागरण



मुखर्जीनगर स्थित सर्वोदय बाल विद्यालय में पाठशाला कार्यक्रम में यातायात नियमों के पालन करने की शपथ लेते विद्यार्थी • जागरण

# पाठशाला में विद्यार्थियों ने जाने यातायात के नियम

## दैनिक जागरण ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत स्कूल व कालेजों में जागरूकता के लिए कराए कार्यक्रम

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दैनिक जागरण के सड़क सुरक्षा अभियान के तहत स्कूली बच्चों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजित किया गया। पहले दिन मुदगिल पब्लिक स्कूल भगवती विहार में सैकड़ों बच्चों को यातायात नियमों के बारे में सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ राकेश कुमार ने जानकारी दी। इस दौरान यातायात नियमों के साथ ही परेशानी में फंसे लोगों की मदद करने को लेकर जागरूक किया गया।

शुक्रवार को मुखर्जी नगर के सर्वोदय बाल विद्यालय में आयोजित पाठशाला के तहत 12वीं के छात्रों को जरूरी जानकारी दी गई। प्रिंसिपल सुभाष चंद्र बोस ने बच्चों को बताया कि उन्हें सड़क पर चलते हुए दिए गए यातायात दिशानिर्देशों को ध्यानपूर्वक समझना चाहिए।

उन्होंने सभी छात्रों को यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। शाहदरा स्थित एसआर कैपिटल पब्लिक स्कूल में दैनिक जागरण की ओर से सड़क सुरक्षा पाठशाला आयोजित की गई। विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा व यातायात संबंधित नियमों से अवगत कराया गया। प्रधानाचार्य सविता कुमारी यादव ने कहा कि 18 साल का होने पर ही वाहन चलाना सुरक्षित है। यातायात नियमों का पालन किसी डर या भय से नहीं, बल्कि कर्तव्य समझकर करना चाहिए।

भगवती विहार स्थित मुदगिल पब्लिक स्कूल में छात्रों को जागरूक करते सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ राकेश कुमार • जागरण

डा. बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय में दैनिक जागरण की ओर से आयोजित सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम में उपस्थित छात्र और छात्राएं • जागरण

नेहरू नगर स्थित पीजीडीएवी महाविद्यालय (सांध्य) में पाठशाला का आयोजन हुआ। प्राचार्य प्रो. रवींद्र कुमार गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हम वाहन चला रहे हों या पैदल चल रहे हों। हमें यातायात नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। हम सड़क पर चलने वाले हर व्यक्ति की सुरक्षा की भावना रखेंगे तो कभी भी हमारी वजह से कोई सड़क हादसा नहीं होगा। हमें गति सीमा, रेडलाइट, सीट बेल्ट, हेल्मेट, लेन आदि नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए।

कश्मीरी गेट स्थित डा. बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय (एयूडी) में सड़क सुरक्षा की पाठशाला आयोजित की गई। इस दौरान सड़क सुरक्षा व सुधार कार्यकर्ता अतुल रणजीत कुमार ने नए सत्र में दाखिला लेने वाले स्नातक के छात्रों, अभिभावकों और प्राचार्यों को सुरक्षित यातायात को लेकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सड़क पर दिख रही कमियों को नजरअंदाज करना ही हादसों को बढ़ावा देना है। समस्या दिखते ही संबंधित विभाग को सूचित करना चाहिए। ये नियम सबको जानना चाहिए।